# ऊं लिखकर बच्चों का कराया विद्यारंभ संस्कार

## बसंत पंचमी पर राजधानी में मां सरस्वती का किया पूजन



**भोपाल, 23 जनवरी. राजधानी भोपाल में शुक्रवार को बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई. पूरे शहर में विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजा-अर्चना की गई. वहीं दूसरी ओर सभी कालीबाड़ियों और सरस्वती विद्या मंदिरों में बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया.**

तुलसी नगर स्थित आरोग्य भारती में मिथिलांचल परिवार द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया. टीटी नगर कालीबाड़ी में बच्चों को स्कूल बैग, स्लेट और पेंसिल नि:शुल्क दी गई. बरखेड़ा कालीबाड़ी में मां सरस्वती के 12 नामों का उच्चारण कराया गया और चांदी या अनार की कलम से ऊं लिखा गया. भेल ई- सेक्टर बरखेड़ा स्थित सरस्वती मंदिर में बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया. भोजपुरी समाज ने खटलापुरा मंदिर जहांगीराबाद में बसंत पंचमी मनाई. इस दौरान पूजन और सुंदरकांड पाठ किया गया.





### दादाजी धाम मंदिर में सुंदरकांड पाठ

**भोपाल, 23 जनवरी.** रायसेन रोड पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में बसंत पंचमी पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया. इस अवसर पर विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती, चारों वेद, अठारह पुराण एवं शास्त्रों का पूजन किया गया. आयोजन में महाकाल मंदिर, उज्जैन के वरिष्ठ पुजारी रमण गुरुजी त्रिवेदी भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर आचार्य रोहित रिछारिया एवं रमण गुरुजी त्रिवेदी का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया.

### बसंत पंचमी पर नृत्य और वेदांत दर्शन का उत्सव

**भोपाल, 23 जनवरी.** बसंत पंचमी पर आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा एकात्म धाम में रसो वै स: नृत्यारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. कार्यक्रम में स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती, भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मजा सुरेश, ओडिसी नृत्यांगना शुभदा वराडकर सहित विद्वान अतिथि उपस्थित रहे. वक्ताओं ने नृत्य को आनंद और साधना की अभिव्यक्ति बताते हुए वेदांत दर्शन रसो वै स: के आध्यात्मिक अर्थ पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की शुरुआत शारदा भुजंग स्तोत्र और मेधा सूक्त से हुई. विद्वानों ने कला को आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक चेतना का माध्यम बताया. न्यास द्वारा चयनित प्रतिभागियों को सौन्दर्य लहरी और दक्षिणामूर्ति स्तोत्र पर आधारित भरतनाट्यम प्रशिक्षण दिया जाएगा. अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति के प्रसार के प्रयासों की सराहना की.

### एमवीएम कॉलेज में किया सरस्वती पूजन



**भोपाल, 23 जनवरी.** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम कॉलेज) में मां सरस्वती पूजा और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का संयुक्त आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की चेतना जागृत करना था. मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षक कीर्ति जोशी ने शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक शर्मा ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के सांस्कृतिक महत्व के साथ नेताजी के प्रेरक जीवन प्रसंग साझा किए. प्राचार्य प्रो. डॉ. गीता मोदी ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए नेताजी को श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधुरी सिंघल ने किया तथा आभार डॉ. संतोष अम्भोरे ने व्यक्त किया. पूजा, पुष्पांजलि और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ. महाविद्यालय परिसर में आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ जिसमें शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### बसंत पंचमी मनाई, हल्दी-कुमकुम किए भेंट



**भोपाल, 23 जनवरी.** मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा भोपाल इकाई के द्वारा हल्दी-कुमकुम और बसंत पंचमी का कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया. इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आशा गुप्ता, राधा मित्तल, रचना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, गीता अग्रवाल, दीपाली सहित सभी ग्रुप मेंबर शामिल थीं. कार्यक्रम में सभी को हल्दी कुमकुम के गिफ्ट भी वितरित किए गए.

**एक नजर में**

### ट्रेडिशनल डे कार्यक्रम में निकिता होंगी गेस्ट



**भोपाल, 23 जनवरी.** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) कॉलेज परिसर में शनिवार को होने वाले ट्रेडिशनल डे विरासत में भारतीय संस्कृति और परंपरा के रंगों की छटा देखने को मिलेगी. एक दिवसीय इस पारंपरिक वेशभूषा उत्सव में छात्र-छात्राएं भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत करेंगे. कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक काल पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से होगी, जिसमें प्राचीन भारतीय सभ्यता और आध्यात्मिक चेतना की झलक देखने को मिलेगी. इसके बाद मुगलकालीन संस्कृति पर केंद्रित प्रस्तुति और भव्य रैंप वॉक का आयोजन किया जाएगा, जहां छात्र पारंपरिक परिधानों में इतिहास को मंच पर उतारते नजर आएंगे. इस सांस्कृतिक आयोजन में फैमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024-25 निकिता पोरवाल मुख्य सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में मौजूद रहेंगी. ट्रेडिशनल डे का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा.

### गौ-मंदिर और गो-स्तंभ का भूमिपूजन कल

**भोपाल, 23 जनवरी.** बृजमोहन रामकली गौ-संरक्षण केंद्र द्वारा गौशाला परिसर में गौ-गोपाल मंदिर एवं गौ-स्तंभ स्थापना का भूमि पूजन रविवार 25 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा. केंद्र के अध्यक्ष प्रहलाद दास मंगल एवं सचिव प्रमोद नेमा ने बताया मध्य प्रदेश के प्रथम गौ-गोपाल मंदिर एवं गौ- स्तंभ की आधारशिला प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा रखेंगे.

## कर्ण की संघर्ष गाथा से गूंजा भारत भवन का मंच



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जनवरी. भारत भवन का बहिरंग मंच शुक्रवार की शाम उस समय भावनाओं और विचारों के संगम में बदल गया, जब महाभारत समागम के आठवें दिन नाटक मृत्युंजय का मंचन हुआ.**

कर्ण की आत्मसंघर्ष से भरी जीवन यात्रा को केंद्र में रखकर प्रस्तुत इस नाटक ने दर्शकों को वीरता, मित्रता, कर्तव्य और त्याग की मानवीय कथा से जोड़ दिया. जयंत देशमुख के निर्देशन में मंचित यह प्रस्तुति शिवाजी सावंत के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित रही, जिसमें कर्ण के जन्म से लेकर सामाजिक अस्वीकृति, दुर्योधन से मित्रता और कुरुक्षेत्र युद्ध तक की यात्रा को संवेदनशीलता से उकेरा गया. मंच पर कर्ण केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि संघर्षशील मनुष्य और मूल्यों के प्रतीक के रूप में सामने आए. उनके जीवन की पीड़ा, अपमान और अंतत: बलिदान ने दर्शकों को भावुक कर दिया. कार्यक्रम के आठवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि वीर भारत न्यास भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है. उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवन दर्शन, वैज्ञानिक दृष्टि और प्रकृति संरक्षण से जुड़ा बताया और नई शिक्षा नीति में इसके समावेश की बात कही.

**▶ महाभारत समागम में सजा रंगमंच का शिखर**

**अंतरंग और पूर्वरंग मंच पर विविध रंग प्रयोग:** अंतरंग सभागार में जापान की हिरोशी कोइके ब्रिज कंपनी द्वारा प्रस्तुत महाभारत की समकालीन रंगमंचीय प्रस्तुति ने दर्शकों को अंतर-सांस्कृतिक अनुभव दिया,



## सुभाषचंद्र बोस का जीवन त्याग राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा : यति

**▶ जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद**

**भोपाल, 23 जनवरी. मां भारती की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर शिवाजी नगर, भोपाल स्थित 7 नंबर चौराहा पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.**

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि नेताजी का जीवन त्याग, तपस्या, वीरता और राष्ट्रभक्ति की ऐसी अमर गाथा है, जो प्रत्येक देशवासी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती है. उनका अदम्य साहस और स्वाधीनता के प्रति अटूट संकल्प आज भी हमें कर्तव्यपथ पर निरंतर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है. राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी हमें आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग दिखाते हैं.

क र्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री राजेंद्रसिंह राजपूत, पूर्व सांसद आलोक संजर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर, राम बंसल रेनवाल आदि उपस्थित थे.



### विवाह सम्मेलन : 27 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**भोपाल, 23 जनवरी.** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत प्रजापति कुंभकार संघ द्वारा शुक्रवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया. प्रजापति संघ के प्रदेश अध्यक्ष एनपी प्रजापति की अध्यक्षता, मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य और महापौर मालती राय के विशिष्ट आतिथ्य में हुए सम्मेलन में 27 जोड़ों का सामूहिक विवाह प्रजापति समाज के राम मंदिर चांदबड़ में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में प्रजापति संघ के जिलाध्यक्ष भंवरलाल प्रजापति, हुकुमचंद प्रजापति, दिनेश प्रजापति, राधेश्याम कुंभकार आदि का सराहनीय योगदान रहा.

## तकनीक पर की चर्चा, विद्यार्थियों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

**▶ मैनिट में मैफिक एक्स टेक्नो सर्च का दूसरा दिन**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जनवरी. मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में चल रहे मैफिक एक्स टेक्नो सर्च 2026 के दूसरे दिन तकनीकी सोच, रचनात्मकता और छात्र ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला.**

दिन की शुरुआत तकनीकी और विश्लेषणात्मक गतिविधियों से हुई. जिसमें केसक्राफ्ट, एसेंट और साइबर हंटर जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने टीमवर्क, समस्या समाधान और प्रस्तुति कौशल दिखाए. वहीं फिनिट के तहत वित्त आधारित गतिविधियों ने छात्रों को व्यावहारिक, आर्थिक समझ और रणनीति का अनुभव कराया. सांस्कृतिक मंचों पर एकल गायन और एकल नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने विविध शैलियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. जबकि इंटर डिपार्टमेंट डांस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की टीमों ने थीम आधारित समूह नृत्य से दर्शकों को प्रभावित करते हुए आपसी समन्वय का परिचय दिया.शाम को एलआरसी ग्राउंड पूरी तरह उत्सव स्थल में बदल गया. नृत्य प्रस्तुति, फैशन वॉक और डीजे नाइट ने छात्रों में जोश भर दिया. एलआरसी परिसर में हैरी पॉटर थीम पर आधारित कोडाक्रोम प्रदर्शनी छात्रों के लिए खास आकर्षण बनी, जहां छात्रों को फोटोग्राफी और सजावट के जरिए कल्पना और दृश्य कला का अनूठा अनुभव देखने को मिल रहा है.

**सोशल मीडिया ▶ डिजिटल मंच से आत्मनिर्भर हो रहे कंटेंट क्रिएटर्स, लोगों को भी दे रहे नई जानकारी**

## युवाओं में बढ़ रहा कंटेंट क्रिएशन का शौक

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जनवरी. डिजिटल युग में बढ़ते युवाओं में दिन व दिन सोशल मीडिया का क्रेज बढ़ता जा रहा है. ऐसे में युवा मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिये सोशल होकर न केवल कंटेंट क्रिएशन का काम कर रहे हैं. बल्कि विविध जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे हैं.**

राजधानी भोपाल में भी युवा पढ़ाई के साथ कंटेंट क्रिएशन को अपनाकर अपनी पहचान बना ही रहे हैं. साथ ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रहे हैं. कंटेंट क्रिएशन के माध्यम से युवा शॉर्ट वीडियो, डिजिटल कहानियां, शैक्षिक कंटेंट, ट्रैवल ब्लॉग और स्थानीय मुद्दों पर वीडियो बनाकर डाल रहे हैं, जिसे लोग पसंद भी कर रहे हैं. क्रिएटर्स को डिजिटल माध्यम से ब्रांड प्रमोशन, डिजिटल मार्केटिंग और फ्रीलांसिंग जैसे कई अवसर भी मिल रहे हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने युवाओं को बिना बड़े निवेश के रोजगार का अवसर दिया है. बल्कि कई युवा घर बैठे आय अर्जित कर रहे हैं और अपने परिवार की आर्थिक मदद भी कर रहे हैं.



मैं फिजियोथेरेपिस्ट हूं, साथ ही इंस्टाग्राम पर लाइफस्टाइल और मिनी ब्लॉग बनाता हूं. 2021 में जब कोविड का समय था. तब हर जगह से केवल फ़ोन से कनेक्टिविटी हो पाती थी. तब ही मैंने कंटेंट क्रिएशन का काम शुरू किया. आज मेरे करीब 90 हजार से अधिक फॉलोवर्स हैं. मैं फैशन, डेली रूटीन और ट्रेवलिंग के वीडियो बनाकर डालता हूं. जिससे लोगों को जरूरी जानकारी मिलती है. साथ ही मैं आर्थिक रूप से भी सक्षम हो रहा हूं. **- अर्पित जैन,** कंटेंट क्रिएटर



मैंने फिटनेस एक्टिविटी से खुद का वजन 30 किलो से ज्यादा घटाया है. इसके बाद मुझे लगा मैं ऐसी जरूरी जानकारी लोगों को देकर उनके जीवन को खुशहाल बना सकता हूं. मैं डाइट, एक्सरसाइज के वीडियो इंस्टा, यूट्यूब पर अपलोड करता हूं. फिलहाल मेरे 80 हजार से अधिक फॉलोवर्स हैं.**- करन राजपूत**

### मानव संग्रहालय में राष्ट्रीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल 30 से

**भोपाल, 23 जनवरी.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा देश की समृद्ध खाद्य परंपराओं, लोकज्ञान एवं पोषण-संस्कृति को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'मिलेट्स एवं ट्रेडिशनल फूड फेस्टिवल' का तीन दिवसीय आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जा रहा है. यह आयोजन मोटे अनाजों (मिलेट्स) के महत्व, उनकी उपयोगिता तथा भारतीय भोजन परंपरा में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

